CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 140 □ रायपुर, शनिवार 13 जून 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

झारखंड से मानव तस्करी का बड़ा खुलासा!

अंबिकापुर पहुंची बस से 20 युवक-युवतियों का रेस्क्यू

सरगना को खोजती रही पुलिस

अंबिकापुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। सरगुजा जिले में मानव तस्करी का बड़ा मामला पकड़ में आया है। यहां देर शाम झारखंड से आई रॉयल बस से 16 युवतियों और 4 युवकों समेत 20 लोगों को रेस्क्यू किया गया। आशंका है कि इनमें अधिकांश नाबालिग हैं। सभी को नौकरी और ज्यादा सैलरी का लालच देकर कर्नाटक ले जाया जा रहा था।

मुखबिर की सूचना पर जिला बाल संरक्षण इकाई और सामाजिक संगठन एमएसवीपी ने अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर छापा मारा। झारखंड के भंडरिया क्षेत्र से लाए गए सभी युवक-युवतियों को बस से उतारकर सुरक्षित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरगुजा पुलिस मानव तस्करी नेटवर्क से जुड़े मुख्य सरगना की तलाश में जुट गई है। पूछताछ में बताया गया कि कोई सतेंद्र इन्हें काम दिलाने के नाम पर लेकर जा रहा है। हालांकि सतेंद्र इनके साथ नहीं था। वहीं ये सभी कर्नाटक के उडुपी जाने की बात कह रहे हैं। इन सभी का बयान बल कल्याण समिति द्वारा लिया गया है।

सभी युवक-युवतियों को रेस्क्यू करने के बाद उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार, पहचान और यात्रा के उद्देश्य से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। रेस्क्यू किए गए सभी 20 लोगों की काउंसलिंग कराई जा रही है। अधिकारियों ने उनके परिवार, पहचान और यात्रा का असली मकसद पता करना शुरू कर दिया है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी जे आर प्रधान ने बताया कि इन सभी के परिजनों को जरूरी दस्तावेजों के साथ झारखंड से अंबिकापुर तलब किए गए हैं, जिसके बाद ही खुलासा होगा कि इनमें से कितने नाबालिग हैं। सरगुजा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मानव तस्करी नेटवर्क के सरगना की तलाश तेज कर दी है। आशंका है कि इसके पीछे बड़ा गिरोह काम कर रहा है।

छग के शिक्षा विभाग में बड़ा बदलाव: 16 जून से ऑनलाइन हाजिरी और लीव जरूरी, लापरवाही पर रुकेगा जून का वेतन

लोक शिक्षण संचालनालय का कड़ा रुख- ऑफलाइन छुट्टी आवेदन पूरी तरह बैन, बायोमेट्रिक और टैज़ ऐप से दर्ज होगी उपस्थिति

रायपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग में अब ढर्रे पर काम नहीं चलेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति (हाजिरी) और ऑनलाइन अवकाश (छुट्टी) आवेदन व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक, आगामी 16 जून 2026 से सभी के लिए डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य होगी। नियमों की अनदेखी करने पर जून महीने का वेतन रोक दिया जाएगा। शासन ने विभाग के हर स्तर पर पारदर्शिता लाने के लिए दो अलग-अलग डिजिटल माध्यम तय किए हैं। शासकीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति विद्या समीक्षा केंद्र (टैज़) द्वारा विकसित मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से दर्ज की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के तहत कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों और बाबुओं को आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के जरिए अपनी हाजिरी लगानी होगी। यदि 16 जून से किसी भी कर्मचारी की उपस्थिति वीएसके एप या बायोमेट्रिक प्रणाली में दर्ज नहीं पाई जाती है, तो उसकी उपस्थिति को शून्य माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित कर्मचारी का जून माह का वेतन जारी नहीं किया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी आहरण एवं संवितरण अधिकारी की होगी।

संचालनालय ने साफ किया है कि शिक्षा विभाग के कर्मियों के अवकाश आवेदन और उसकी स्वीकृति के लिए 'HRMIS पोर्टल' की व्यवस्था पहले से लागू है, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर अब भी ऑफलाइन (कागज पर) आवेदन लिए जा रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अब ऑफलाइन अवकाश आवेदनों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। अब सभी प्रकार की छुट्टियां केवल ऑनलाइन माध्यम से ही ली और मंजूर की जा सकेंगी। यदि किसी अधिकारी ने ऑफलाइन आवेदन स्वीकार या मंजूर किया, तो उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने राज्य के सभी संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों और आहरण व संवितरण अधिकारियों को पत्र जारी कर इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। इस नई व्यवस्था से विभाग में लेटलतीफी और बिना सूचना गायब रहने की प्रवृत्ति पर पूरी तरह से लगाम कसने की उम्मीद है।

सरकारी स्कूलों में गूंजेंगे मंत्र: राष्ट्रगान-सरस्वती वंदना से होगी दिन की शुरुआत, राजगीत, गायत्री मंत्र पाठ के बाद होगी छुट्टी, आदेश जारी

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब विद्यार्थियों के लिए प्रार्थना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की नई व्यवस्था लागू की जाएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, स्कूल लगने के समय प्रतिदिन सुबह राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र तथा महापुरुषों के प्रेरक जीवन वचनों का पाठ किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता विकसित करना बताया गया है। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) के दौरान भोजन मंत्र का पाठ भी कराया जाएगा। वहीं स्कूल की छुट्टी के समय राजगीत, गायत्री मंत्र और शांति मंत्र का सामूहिक पाठ कराया जाएगा। विभाग का मानना है कि इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, संस्कार और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

ब्रेकिंग न्यूज

प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के लिए रवाना जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, 13 जून (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को फ्रांस दौरे के लिए रवाना हुए। यहां वे जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी के बीच रक्षा साझेदारी को लेकर चर्चा होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को फ्रांस और स्लोवाकिया की दो देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ होने वाली वार्ता में रक्षा सहयोग प्रमुख विषय रहने की संभावना है। भारत महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्रों में बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है, जिसके मद्देनजर दोनों नेताओं के बीच रक्षा साझेदारी को और सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा होने की उम्मीद है।

तालाब के पास मिले मगरमच्छ के बच्चे, नहाने पहुंचे लोगों में मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

बिलासपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर के रतनपुर स्थित बिकमा तालाब में नहाने पहुंचे लोगों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तालाब के बाहर एक गड्ढे में मगरमच्छ के 6 बच्चे दिखाई दिए। इसके बाद उन्होने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम ने मगरमच्छ के बच्चों का रेस्क्यू किया और उन्हें खूंटाघाट डैम में छोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, रोजाना की तरह सुबह जब स्थानीय लोग बिकमा तालाब में नहाने पहुंचे, तो उनकी नजर इन नन्हे मगरमच्छों पर पड़ी। तालाब किनारे मगरमच्छ के बच्चों को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए इसकी सूचना रतनपुर पुलिस और वन विभाग को दी।

गौ मांस मिलने के मामले में निगम पहुंची बुलडोजर कार्यवाही के लिए, बस्ती वालों ने किया विरोध

गुरुवार को साल्हेवार पारा गाड़ा बस्ती मे लगभग 86 किलो पशु मांस मिलने के बाद लगातार हिंदू जागरण मंच द्वारा की जा रही कार्रवाई की मांग

धमतरी, 13 जून (हाईवे चैनल)। साल्हेवार पारा गाड़ा बस्ती में कथित तौर पर मिले गौ मांस के मामले में शनिवार को नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची थी। इसी दौरान कुछ लोगों के विरोध के चलते बस्ती वाले आक्रोशित हो गए और तोड़ने से मना करने लगे। बड़ी देर तक मनाने की कोशिश की गई। इसके बाद नगर निगम की टीम पीछे से जहां पर पशु वध किया गया था उस जगह को तोड़ने पहुंची। मौके पर भी बड़ी संख्या में मौजूद पुरुष महिला पहुंचकर विरोध करने लगे। समाचार लिखे जाने तक नगर निगम और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही। और फोर्स बुलाया गया है। ज्ञात हो कि गुरुवार को लगभग 86 किलो गौ मांस पाया गया था। जिसके बाद से लगातार हिंदू जागरण मंच कार्रवाई की मांग कर रही है। इस बीच सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पोरवाल ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कर्मचारियों के फंसे होने की आशंका

मौके पर फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौजूद

रायपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के उरला क्षेत्र स्थित पोरवाल ऑयल फैक्ट्री में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई. घटना से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया गया है. फैक्ट्री में इस वक्त कई कर्मचारियों के फंसे होने की खबर है. वहीं इलाके में धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक, पोरवाल ऑयल फैक्ट्री में टायर को जलाकर डामर तैयार किया जाता है. आज सुबह काम के दौरान अचानक आग लग गई. सूचना के बाद दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई है. फैक्ट्री परिसर में पुलिस की टीम भी मौजूद है, जो सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही है। फैक्ट्री में आग लगने का कारणों का पता नहीं चल सका है. प्रशासन की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. राहत की बात है कि अबतक किसी जनहानि की सूचना नहीं है. वहीं आग पर काबू पाने के बाद हादसों के कारणों की जांच और नुकसान का आंकलन किया जाएगा।

नालंदा परिसर के पास पुरानी पानी टंकी में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव

जगदलपुर, 13 जून (हाईवे चैनल)। बस्तर जिले के जगदलपुर शहर स्थित नायमुण्डा क्षेत्र में शुक्रवार शाम पुराने फिल्टर प्लांट एवं पानी टंकी परिसर में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैलने के कारण आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया और क्षेत्र में धुएं का गुबार छा गया। वहीं मौके पर फायर ब्रिगेड, नगर निगम का अमला और प्रशासनिक अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार, नालंदा परिसर के समीप स्थित पुरानी पानी टंकी के एक कमरे में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

अभिषेक बनर्जी के घर तड़के 3 बजे पुलिस ने मारा छापा टीएमसी का आरोप- ताला तोड़कर घुसे पुलिसकर्मी

नई दिल्ली, 13 जून (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में शनिवार तड़के उस समय हलचल मच गई, जब पुलिस और केंद्रीय बलों की एक बड़ी टीम ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर छापेमारी की। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह कार्रवाई पश्चिम मेदिनीपुर जिले के एक थाने में दर्ज मामले के सिलसिले में की गई। यह छापेमारी ऐसे समय हुई, जब महज दो दिन पहले पश्चिम बंगाल सीआईडी ने राज्य विधानसभा से जुड़े कथित फर्जी हस्ताक्षर मामले में बनर्जी से कई घंटे पूछताछ की थी। इसके अलावा विभिन्न जांच एजेंसियों की ओर से उन्हें हाल ही में कई नए समन भी जारी किए गए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पश्चिम मेदिनीपुर के शालबनी थाने और कोलकाता पुलिस के अधिकारियों समेत कई पुलिसकर्मी शनिवार सुबह करीब तीन बजे बनर्जी के आवास पर पहुंचे। छापेमारी के दौरान केंद्रीय बलों के जवानों ने घर के बाहर मोर्चा संभाल लिया, जबकि पुलिस अधिकारियों ने आवास के भीतर दाखिल होने की कोशिश की।

टीएमसी ने आरोप लगाया कि पुलिस टीम ने ताला तोड़कर जबरन घर में प्रवेश किया। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह कार्रवाई चार घंटे से अधिक समय तक चली। सुबह के समय भी पुलिसकर्मी आवास के भीतर मौजूद रहे। कई अधिकारियों को घर से बाहर निकलकर आपस में चर्चा करते और फिर दोबारा अंदर जाते देखा गया। आवास से बाहर आने के बाद पत्रकारों से बातचीत में अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने ताला तोड़कर पूरे घर की तलाशी ली।

देश को पहली बार आईएमए से मिलीं नौ महिला सैन्य अफसर; राष्ट्रपति बोलीं- यह बदलती तस्वीर

नई दिल्ली, 13 जून (न्यूज चैनल)। देहरादून भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को एक और इतिहास रचा गया। अकादमी की पासिंग आउट परेड (पीओपी) में पहली बार नौ महिला सैन्य अफसर पासआउट होकर भारतीय सेना का हिस्सा बनीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में कुल 515 जेंटलमैन कैडेट्स ने अंतिम पग पार कर सैन्य जीवन की नई शुरुआत की। इनमें 481 भारतीय कैडेट और 16 मित्र देशों के 34 कैडेट शामिल रहे। आईएमए के ऐतिहासिक मैदान में सुबह से ही उत्साह और गौरव का माहौल रहा। परेड की शुरुआत सुबह 6:40 बजे हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चैटवुड भवन पहुंचीं और परेड की सलामी ली। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सेना और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कदमताल करते हुए कैडेट्स ने सैन्य अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना का प्रदर्शन किया। परेड का सबसे खास और ऐतिहासिक क्षण वह रहा, जब पहली बार आईएमए से प्रशिक्षित नौ महिला कैडेट्स सैन्य अफसर के रूप में पासआउट हुईं।

इस वर्ष की पासिंग आउट परेड में शामिल 515 कैडेट्स में नौ महिला कैडेट्स सहित कुल 481 भारतीय कैडेट थे। इनके अलावा 16 मित्र देशों के 34 कैडेट्स ने भी प्रशिक्षण पूरा किया और अपने-अपने देशों की सेनाओं का हिस्सा बने। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें नव नियुक्त सैन्य अधिकारियों के कंधों पर रैंक सजाई गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को ही देहरादून पहुंच गई थीं। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, मुख्य सचिव आनंदबर्द्धन और डीजीपी दीपम सेठ ने उनका स्वागत किया था। इसके बाद राष्ट्रपति राष्ट्रपति निकेतन पहुंचीं और विभिन्न गणमान्य लोगों से मुलाकात की। यह दूसरा अवसर है जब किसी महिला राष्ट्रपति ने आईएमए की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल भी परेड की सलामी ले चुकी हैं।

वायुसेना का एएन-32 मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त जोरहाट एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान क्रैश

नई दिल्ली, 13 जून (न्यूज चैनल)। असम के जोरहाट स्थित वायुसेना स्टेशन पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का एक एएन-32 मालवाहक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान आपूर्ति सामग्री के परिवहन के लिए उपयोग किया जाता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब विमान एयरबेस पर उतरने का प्रयास कर रहा था। दुर्घटना के बाद पायलट के निधन की आशंका जताई जा रही है, हालांकि भारतीय वायुसेना की ओर से अभी तक किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के तुरंत बाद बचाव एवं राहत दलों को मौके पर भेजा गया और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भारतीय वायुसेना ने कहा है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जाएगी।

फिलहाल घटनास्थल पर बचाव और जांच कार्य जारी है तथा अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। वायुसेना की ओर से जारी प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे से जुड़ी अन्य जानकारी सामने आने पर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, डोनाल्ड ट्रंप कह रहें हैं ईरान के साथ जंग खत्म हो गई है। चुहिया- हां जी, लेकिन ईरान कह रहा है अभी हमने फैसला नहीं लिया हैं..!